# आकाश की हुई ईरान से सकुशल घर वापसी, परिवार के खिले चेहरे

**नवभारत न्यूज**

**सतना 2 अगस्त. इजरायल-ईरान युद्ध के चलते ईरान के बंदर अब्बास सिटी में दो महीने तक फंसे रहने के बाद सतना के आकाश द्विवेदी अब वापस घर पहुंच गये हैं। आकश की सकुशल स्वदेश वापसी से घर में खुशी का माहौल बना हुआ है।**

आकाश द्विवेदी तथा उनके पिता चन्द्रभूषण द्विवेदी ने घर वापसी में किये गये सहयोग के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के प्रति आभार व्यक्त किया है। सतना नगर के पौराणिक टोला निवासी आकाश द्विवेदी ने बताया कि अक्टूबर 2021 में मर्चेन्ट नेवी का 6 माह का कोर्स पूरा करने के उपरांत 17 मार्च 2025 को ईरान पहुंचकर शिप ज्वाइन किया। शुरूआत में एक से डेढ माह तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। लेकिन जून 2025 में इजराइल-ईरान का युद्ध शुरू होने के बाद से आकाश परेशानी में फंस गये। ईरान में युद्ध के चलते वहां के सभी शिप खडे हो गए। लम्बे समय तक शिप के खडे होने के कारण शिप में कार्यरत 17 लोगों में से अधिकांश स्थानीय लोग अपने घर चले गये। शिप में आकाश के अलावा 5 अन्य लोग ही बचे थे। शिप में नेटवर्क भी



ठीक से काम नहीं करता था, जिससे की घर में संपर्क किया

▸ मुख्यमंत्री और कलेक्टर का जताया आभार

जा सके। युद्ध की दशा में ईरान की हालात बेहद खराब होने से घरवाले भी बहुत चिंतित थे। पासपोर्ट कंपनी में जमा होने और वापसी का बीजा न होने के कारण आकाश द्विवेदी भी बेहद परेशान थे। ऐसे में घर वापसी की उम्मीद धीरे-धीरे टूटती जा रही थी। आकाश को लगने लगा था कि अब वे घर वापस नहीं लौट पायेंगे। तभी पुलिस में कांस्टेबल उनके पिता चन्द्रभूषण द्विवेदी ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस से संपर्क किया। चन्द्रभूषण से बेटे के ईरान से वापसी न हो पाने की समस्या आत्मीयता से सुनने के बाद कलेक्टर ने 14 जुलाई को ईरान के दिल्ली स्थित दूतावास से पत्राचार कर मामले की जानकारी दी।

कलेक्टर की पहल पर ईरान की एम्बेसी ने अपने देश की उस कंपनी से संपर्क कर आकाश द्विवेदी के बारे में जानकारी ली। आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण करने के साथ बीजा बनाकर टिकट आदि की व्यवस्था करते हुए आकाश द्विवेदी को 31 जुलाई को प्रात: ईरान के सिराज शहर से प्लेन द्वारा मुम्बई के लिए रवाना किया गया। आकाश द्विवेदी उसी रात्रि 9.30 बजे मुम्बई पहुंचे। मुम्बई से परिजन उन्हें सतना पौराणिक टोला स्थित निवास ले आये। घर लौट कर आकाश और उनका परिवार बेहद खुश है।

# जेल में बंदी के पास मिला डबल सिम का मोबाइल

## जेल प्रबंधन ने पुलिस को सौंपा मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 अगस्त. आजीवन कारावास की सजा काट रहे छतरपुर जिले के कैदी के पास जेल प्रेहरी ने डबल सिम वाले मोबाइल फोन को जब्त किया है.**





जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा ने कोलगवां थाने को दी इस मामले की जानकारी में बताया है कि दण्डित बंदी जगन्नाथ पिता दुलीचंद यादव, उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम काटी, थाना कोतवाली छतरपुर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश जो कि सत्र प्रकरण क्रमांक 198/2011 धारा 302, 201 भा.द.वि.. 25 (1) (बी) (ए) 27 आर्म्स एक्ट के तहत माननीय न्यायालय सत्र न्यायाधीश छतरपुर के द्वारा अधिरोपित सजा आजीवन कारावास, 02 वर्ष, 02 वर्ष, 03 वर्ष दिनांक 16 मई .2013 से भुगत रहा है

उक्त बंदी प्रकरण में विचारण के दौरान 25 अप्रैल 2012 को पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। जिसे 07.मई 2012 को गिरफ्तार कर पुन: जेल में दाखिल किया गया है। जब से लगातार जेल अभिरक्षा में निरूद्ध है। 02 अगस्त को प्रात: 10.30 बजे केन्द्रीय जेल सतना के वार्ड क्रमांक 07 सी डी में ड्यूटी पर तैनात प्रहरी कमांक 16 सुन्दर लाल बंसल द्वारा गश्त के दौरान आशंका होने पर दण्डित बदी जगन्नाथ पिता दुलीचंद की तलाशी ली गई। तलाशी में उक्त बंदी के पास से 01 नग की-पैड मोबाइल आई-टेल कंपनी का चालू हालत में प्राप्त हुआ। उक्त मोबाइल मध्यप्रदेश जेल नियमावली 1968 के नियम 570 के उपनियम (vii) तथा कारागार अधिनियम-1894 की धारा-42 के अनुसार जेल में निषिद्ध वस्तु की श्रेणी में परिभाषित होने से उसे जप्त कर लिया गया है।

उक्त पत्र में थाना प्रभारी पुलिस थाना कोलगंवा सतना को प्रेषित कर बंदी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेने हेतु अनुरोध किया गया है। तथा विभागीय स्तर से भी जांच की जा रही है। उक्त घटनाक्रम की जानकारी जेल मुख्यालय भोपाल, रेंज डी आई जी जबलपुर सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारियो को दी जा चुकी है।

# स्मार्ट सिटी के कामों पर उठी उगली, महापौर व निगमायुक्त ने दी सफाई

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना 2 अगस्त. जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में स्मार्ट सिटी सतना के कार्यों की समीक्षा करते हुये सांसद गणेश सिंह ने कहा कि सतना स्मार्ट सिटी के पूर्ण हो गये कार्यों के संचालन और संधारण के लिये तथा कार्यों को जनोपयोगी बनाये रखने नगर निगम कार्य योजना बनाकर क्रियान्वित करे।**



सांसद श्री सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं, जिले की विकास परियोजनाओं एवं एनएचएआई, गरीब कल्याण योजना, जल जीवन मिशन, बरगी बांध के नहर निर्माण की समीक्षा की गई। सांसद श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी के काम क्वालिटी के साथ समय पर पूरे होने चाहिये। इसके लिये संबंधित विभाग और एजेंसी पर जिम्मेदारी निर्धारित करें। सतना स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट की समीक्षा में बताया गया कि 943 करोड 27 लाख रूपये लागत के कुल 74 प्रोजेक्ट में 542 करोड 25 लाख रूपये लागत के 60 प्रोजेक्ट पूरे कर लिये गये है। जबकि 401 करोड 2 लाख रूपये लागत के 14 प्रोजेक्ट कार्य प्रगतिशील है। सांसद ने कहा कि नगर निगम के सीवर प्रोजेक्ट सहित अन्य कार्यों में बरसात के समय सावधानी बरती जाये और खुदाई तथा रेस्टोरेशन का कार्य बरसात में बंद होने पर अन्य पक्के कार्य किये जा सकते हैं। जल जीवन की समीक्षा में बताया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रेट्रोफिटिंग और नवीन नलजल योजनाओं में से तीन विकासखंडों में कुल स्वीकृत 228 योजनाओं में 183 योजनायें पूर्ण कर ली गई हैं। जबकि 45 प्रगति पर है। इनमें 162 पूर्ण परियोजनाओं को पंचायत को हस्तांरित कर दिया गया है। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि सतना बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में 2 लाख 12 हजार 948 घरेलू कनेक्शनों के विरुद्ध 1 लाख 64 हजार 49 कनेक्शन किये गये हैं। इसी प्रकार सतना बाणसागर 2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में रीवा तथा सतना जिले के कुल 995 ग्रामों में हर घर नल से जल पहुंचाया जाना है। कार्य की स्वीकृति लागत 2153 करोड रूपये है और कार्य की वर्तमान भौतिक प्रगति 70 फीसदी है।

### क्षतिग्रस्त बरगी नहर को दुरुस्त किया जाए

बरगी बांध के दाई तट नहर के कार्यो के समीक्षा के दौरान सांसद श्री सिंह ने कहा कि दिसंबर 2025 तक स्लीमनाबाद टनल से सतना की ओर पानी लाने में सक्षम होंगे। तब तक नागौद तक की मुख्य कैनाल को दुरूस्त रखने की कार्यवाही प्राथमिकता के रूप में करें। बारिश के दौरान निर्माण कार्यों के अतिरिक्त जो भी अडचने हों उन्हें दूर कर लिया जाये। एनएचएआई, एनएच पीडब्ल्यूडी बमीठा से सतना राष्ट्रीय राजमार्ग तथा एमपीआरडीसी की सडकों के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि बरसात के समय सभी सडकों के गड्ढे इत्यादि भरकर सडकों को मोटरेवल बनाये रखा जाये।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह, डीएफओ मयंक चांदीवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, सुखवंती बाई बुनकर सहित विभाग प्रमुख जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मैहर में अवैध शराब और सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 अगस्त. मैहर जिले में लगातार पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है गली मोहल्लों में नशीले पेय पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है**



अमरपाटन थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दो अलग अलग स्थानों में छापे मारी के दौरान अवैध शराब की खेप ले जाते एवं नशीले कफ सिरप की अवैध बिक्री करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया. अमरपाटन थाना एएसआई अनिल त्रिपाठी को शुक्रवार की शाम मुखबिर के सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र में गढ़उत तालाब के पास गुलाम मुस्तफा उर्फ बबलू को 16 नग नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा गया. तो वही एएसआई राजू निपाने को शुक्रवार की रात सूचना मिली ग्राम भीषम पुर के पास दो मोटरसाइकिल से तीन लोगों शराब के अवैध पीकर कर रहे है सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंची जहां दो आरोपी फरार हो गए वही एक मुख्य आरोपी अमृत लाल पटेल उर्फ अमित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसके पास से तीन बोरी में 10 पेटी देशी एवं 4 पेटी गोवा बरामद की गई आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया.

थाना प्रभारी अमरपाटन विजय सिंह परस्ते ने बताया को बीती रात नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दो अलग अलग मामलों दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया.

# सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र घायल

## अपर कलेक्टर एवं तहसीलदार मैहर ने अस्पताल पहुंचाया



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 अगस्त. अमरपाटन थाना अंतर्गत एन एच 30 पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया इस घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अमरपाटन सिविल अस्पताल लाया गया ।**

बताया जा रहा है कि अमरपाटन थाना क्षेत्र में एन एच 30 मे रीवा की तरफ से मैहर आ रहे मोटर साइकिल सवार रोहित सिंह पटेल उम्र 30 वर्ष एवं चंद्र भान 50 वर्ष को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी और अनियंत्रित ट्रक सड़क में पलट गया इस घटना में मोटर साइकिल सवार दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए वही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

वहीं रास्ते से गुजर रहे मैहर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह और तहसीलदार अमरपाटन ने घटना में घायल दोनों लोगों को अपने वहां से इलाज के लिए अमरपाटन सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने घायलों का जांच कर इलाज किया जहां मौके पर डॉक्टर ने पिता चंद्रभान को मृत घोषित कर दिया, वहीं पुत्र रोहित गंभीर रूप से घायल है । पिता के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

अमरपाटन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मौके पर पहुंच कर क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा कर हाईवे को क्लियर किया गया एवं ट्रक को जप्त कर लिया है एवं आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# जिला उद्योग संघ ने जागरुकता कार्यशाला आयोजित की

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 अगस्त. जिला उद्योग संघ द्वारा आज एक विशेष जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारी राज्य बीमा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया.**

कार्यशाला का उद्देश्य उद्योग जगत को सरकार द्वारा संचालित नवीनतम श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी देना और अधिक से अधिक उद्यमियों को इनसे जोड़ना रहा. कार्यक्रम की अध्यक्ष ईएसआईसी के निरीक्षक अक्षय विधानी ने की. उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसम्बर 2025 तक पंजीकरण कराने वाले प्रतिष्ठानों को सभी प्रकार की पेनाल्टी और निरीक्षणों से छूट प्रदान की जाएगी. उन्होंने अपील की कि जो प्रतिष्ठान अभी तक ईएसआई से नहीं जुड़े हैं वे इस योजना का लाभ उठाएं. ईपीएफ के अधिकारी कमलकांत मिश्रा ने प्रधानमंत्री विकसित भारत योनजा की जानकारी साझा की. उन्होंने बताया कि यह योजना उन कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो पहली बार रोजगार प्राप्त कर रहे हैं साथ ही उन नियोक्ताओं को भी लाभ मिलता है जिनके प्रतिष्ठानों में 20 या उसे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं. श्रम विभाग के अधिकारी अनुराग सिंह ने अपने संबोधन में इन योजनाओं की प्रशंसा करते हुए सभी उद्यमियों से आग्रह किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों का समय रहते पंजीकरण कराए और श्रमिकों को इन योजनाओं से लाभान्वित करें. कार्यशाला का संचालन नितेश बड़ेरिया पीआरओ ने किया. इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष मनविंदर ओबराय सचिव पंकज आहूजा, गोपी गेलानी, ललित माहेश्वरी, सुभाष अग्रवाल, अनिल नायक, रामचंद्र अग्रवाल, मनोज जैन, शोभित अग्रवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, मनोज अरोरा, विकास पटेल, नैनदीप सेठी, संजय मनवानी, जयंत हासवानी सहित सतना जिला उद्योग संघ एवं लघु उद्योग भारती के अनेक सदस्य उपस्थित रहे.

सभी वक्ताओं ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और सतत औद्योगिक विकास के लिए इन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार आवश्यक है तथा उद्यामियों को आगे आकर इसमें भाग लेना चाहिए.

# स्वशासी के तीन छात्रों का कैम्पस चयन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 अगस्त. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद पद्मधर सिंह, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 03 विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित सीमेन्ट कंपनी श्री सीमेन्ट में किया गया है।**



उक्त जानकारी देते हुए रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश राय ने बताया कि एम.एससी. चतुर्थ समसत्र 2024-25 रसायन विज्ञान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कंपनी द्वारा आनलाइन कैम्पस ड्राइव आयोजित किया गया जिसमें तीन विद्यार्थियों सुश्री अनामिका तिवारी, सुश्री रिति सिंह परिहार एवं सुश्री स्तुति द्विवेदी का केमिस्ट के लिए चयन किया गया है। इन चयनित विद्यार्थियों ने 1 अगस्त 2025 से ग्रेजुएट इन्जीनियर ट्रेनी के रूप में श्री सीमेन्ट लिमिटेड के क्वालिटी कन्ट्रोल (ऋड्डह्य) इकाई बांगुर सिटी, पाली, राजस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करना प्रारंभ कर दिया है।

## श्रमिक विरोधी विधेयकों का विरोध सड़कों पर : टीयूसी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 अगस्त. मध्य प्रदेश विधानसभा में 31 जुलाई को श्रमिक विरोधी और कॉर्पोरेट परस्त विधेयकों को पारित किया गया है।**

केन्द्रीय श्रमिक संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने इस बारे में मध्य प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि सभी श्रम संगठनों को साथ में लेकर इन विधेयकों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। टीयूसी सतना के संरक्षक हरि प्रकाश गोस्वामी, अध्यक्ष टीपी पांडे, इंटक के प्रादेशिक उपाध्यक्ष शंकर सिंह तिवारी, सीटू सतना संयोजक वीरेन्द्र सिंह रावल, एटक के प्रादेशिक संयुक्त महासचिव रामसरोज कुशवाहा, एमपीबीईए के महासचिव दिनेश श्रीवास्तव, एसडीआईएए के महासचिव धर्मेंद्र सिंह बघेल, एमपीएमएसआरयू सतना इकाई के सचिव जितेन्द्र मिश्रा, टीयूसी सतना के महासचिव संजय सिंह तोमर ने आज जारी संयुक्त बयान में बताया कि मध्य प्रदेश की मजदूर, किसान, कर्मचारी विरोधी सरकार द्वारा मानसून सत्र के विधानसभा में श्रम कानूनों में मजदूर विरोधी व कॉर्पोरेट परस्त संशोधन पारित करना साफ़ तौर पर पिछले दरवाजे से काली श्रम संहिताओं को लागू करने की मुहीम है.



# मेडिकल कॉलेज में अंगदान दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

## अंगदान दिवस आज

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 अगस्त. चिकित्सा महाविद्यालय सतना के चिकित्सकों ने 3 अगस्त को अंगदान दिवस उपलक्ष्य में पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।**

इस कार्यक्रम में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना के अधिष्ठाता डॉ. एस.पी. गर्ग, कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अनुराग जैन, विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक सर्जरी विभाग, सह-आयोजक डॉ. अंकित जैन, विभागाध्यक्ष, शरीर रचना विभाग, डॉ. विक्रम सिंह नोडल अधिकारी सोटो, अमरज्योति समाजसेवी संस्था के संयोजक मनोहर डिगवानी सहित महाविद्यालय के वैरिष्ठ चिकित्सक, छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना तथा लोगो को इस जीवनदायिनी पुनीत कार्य हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ गर्ग तथा डॉ. जैन इवारा अंगदान के महत्व एवं विभिन्न पहलुओ पर प्रकाश डाला गया तथा भविष्य में अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु रैली, एवं नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करने का प्रस्ताव रखा गया।

# मझगवां कॉलेज के प्राचार्य डॉ . शिवानंद सेवानिवृत,दी विदाई

**नवभारत न्यूज**


**सतना, 2 अगस्त. शासकीय महाविद्यालय मझगवां में प्राचार्य डॉ. शिवानंद गौतम का सेवानिवृत्ति समारोह कार्यक्रम महाविद्यालय परिवार की ओर से बड़े ही भव्य और शानदार तरीके से संपन्न किया गया.**





कार्यकम का शुभारम्भ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया .इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. शिवानंद गौतम रहे .वहीँ विशिष्ट अतिथि के रूप में आपकी धर्मपत्नी पूनम गौतम , डॉ. नरेंद्र शर्मा मेडिसिन- हृदय बिशेषज्ञ एवं पूर्व हार्ड इस्पेलिस्ट शास. जिला चिकि. सतना, शासकीय पीजी. कॉलेज सतना के प्राध्यापक डॉ.राजेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ. जेपी. गुप्ता, डॉ. राजेश गर्ग, डॉ. आदित्य त्रिपाठी , डॉ एस.पी .सिंह- सेवानिवृत्ति प्राचार्य शा.महा.वि. अमरपाटन , उचेहरा कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनुरागवर्धन पांडेय , मुख्य लेखापाल आर.पी. त्रिपाठी रहे , जिन्होंने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं उनके सन्दर्भ में अपने अपने विचारों के द्वारा उनकी विषेशताओं का वर्णन किया ..वही सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह ने की,जिन्होने डॉ. शिवानंद गौतम की विभिन्न उपलब्धियों , उनके समर्पण, सरल जीवन एवं उनके त्याग और सराहनीय कार्यों का विस्तार से वर्णन किया एवं आपके अच्छे सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना की .. साथ ही अतिथि दीर्घा में कोठी कॉलेज के स्पोर्ट्स आफीसर *डॉ. पंकज सिंह, डॉ. जीतेन्द्र पयासी, डॉ. सीतेश भारती आदि रहे .


## एक नजर में





### दिव्यांग बालिका छात्रावास में मनाया गया निर्वाण दिवस

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था चिन्मय मिशन के संस्थापक ब्रह्मलीन परमपूज्य स्वामी चिन्मयानंदजी का बत्तीसवाँ निर्वाण दिवस दिव्यांग बालिका छात्रावास में आराधना दिवस के रूप में मनाया गया। चिन्मय विद्यालय की बहनों द्वारा छात्रावास की बहनों को अल्पाहार का वितरण किया गया। जिसमें चिन्मय मिशन सतना की प्रमुख ब्रम्हचारिणी गार्गी चैतन्य समिति सदस्य श्रीमती आशा नायक मनमोहन माहेश्वरी मनीष कटारे डॉ प्रीति नेमा शत्रुघ्न प्रताप सिंह के के शुक्ला और विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ अवस्थी उप प्राचार्य अंशु रॉय प्रीति नेमा धीरेंद्र गौतम सहित अन्य लोग शामिल हुए।



### विद्यार्थी परिषद ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**सतना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर सतना द्वारा टाऊन हॉल में यशवंत राव केलकर की जन्म शताब्दी के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शिक्षा भारती के क्षेत्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह परिहार और विशिष्ट अतिथि एबीवीपी के मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया ने श्रोताओं को संबोधित किया। एबीवीपी के नगर अध्यक्ष संजय पांडेय ने प्रस्तावना में कहा कि यशवंत राव केलकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तेजस्वी प्रचारक और एबीवीपी के विश्वकर्मा थे जिन्होंने हर कार्यकर्ता को यंत्रवत पुर्जा नहीं अपितु एक मानव इकाई मानकर हर कार्यकर्ता को स्नेह से संगठन की कार्य पद्धति समझाई। इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महाकौशल प्रांत के प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी और सतना नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक और एबीवीपी के पूर्व और वर्तमान कार्यकर्ता परिवार सहित उपस्थित रहे।